बिहार सरकार
पर्यटन विभाग
प्रथम तल, बी0 ब्लॉक, एक्सटेंशन भवन, मुख्य सचिवालय, पटना।
Email- js. bihartourism@gmail.com, website: www.bihartourism.gov.in

Blissful Bihar
BIHAR TOURISM

संचिका संख्या०– पर्य०वि०प०(ता०)– 29 / 2023..1629... दिनांक 10-7-2023

प्रेषक,

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
परिवहन विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा, माननीय स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 204वें सत्र में पूछे जाने वाले तारांकित ऑनलाईन प्रश्न संख्या– 1 / 204 / 322 को हस्तांतरित करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा, माननीय स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के 204वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात आश्रित को मुआवजा देने से संबंधित है। इस विषय का संबंध भवदीय के विभाग से है।

अतः उक्त प्रश्न को आवश्यक कार्रवाई हेतु हस्तांतरित किया जा रहा है। इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् को भी दी जा रही है।

सादर।

अनु०– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

10/7/23

उप निदेशक,
पर्यटन विभाग, बिहार, पटना।

Bihar Vidhan Parishad Question

1/204/322

मुआवजा की राशि का भुगतान

04/07/2023 04/07/2023

*1/204/322 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा(विधान सभा)

पर्यटन

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अंतर्गत परसा प्रखंड के ग्राम-शंकरडीह, ग्राम+पोस्ट परसा की सुंदरपतिया देवी, पति- श्री उजागर पंडित दिनांकः- 17.04.2022 को घर से रोड पार करने के क्रम में अज्ञात वाहन द्वारा भयंकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थीं;

(ख) क्या यह सही है कि सुंदरपतिया देवी की दुर्घटना के पश्चात् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परसा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया, जिनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल हाजीपुर को रेफर कर दिया गया;

(ग) क्या यह सही है कि सुंदरपतिया देवी की मृत्यु इजाल के क्रम में सदर अस्पताल, हाजीपुर में दिनांकः- 17.04.2022 को ही दी गई, जिससे संबंधित जिला पदाधिकारी, सारण को सारे कागजात के साथ मुआवजा हेतु आवेदन दिया गया है;

(घ) क्या यह सही है कि मृत्यु के पश्चात् परसा में थाना कांड 97/2022, दिनांकः- 22 अप्रैल 2022 को एफ.आई.आर. दर्ज किया गया है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के पति को मुआवजा की राशि कबतक देना चाहती है, नहीं तो क्यों ?